झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची, झारखण्ड

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र - 2024 - 2025

(कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय)

कक्षा : 12	विषय : हिन्दी - बी	समय : 1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक : 40

सामान्य निर्देश

- परीक्षार्थी यथासंभव निर्देशानुसार अपने शब्दों में उत्तर दें ।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- प्रश्नपत्र के दो खण्ड हैं - खण्ड - **'क'** एवं खण्ड - **'ख'**
- खण्ड **'क'** में 15 अंक के बहु - विकल्पीय प्रश्न हैं।
- खण्ड **'ख'** में 25 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

खण्ड – 'क'
बहु - विकल्पीय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -

(क) गोपियों को छोड़कर कृष्ण कहाँ चले गए थे ?

(A) वृन्दावन **(B)** मथुरा

(C) ब्रज (D) द्वारका

(ख) राम - लक्ष्मण - परशुराम संवाद पाठ के रचयिता हैं -

(A) कबीरदास **(B)** तुलसीदास

(C) सूरदास (D) कुम्भनदास

(ग) प्रात: काल होने पर बालक रूपी बसंत को कौन जगाता है ?

(A) कौवा (B) मोर

(C) तोता (D) गुलाब

(घ) उत्साह कविता में कवि ने किसको संबोधित किया है ?

(A) बिजली को (B) धरती को

(C) आकाश को (D) बादल को

(ङ) कवि के अनुसार कौन साँस लेता है तो घर भर जाता है ?

(A) कवि (B) लेखक

(C) फागुन (D) धरती

(च) फसल किसका गुणधर्म है ?

(A) मिट्टी का (B) पानी का

(C) किसान का (D) हाथ का

(छ) चाँदनी किसका प्रतीक है ?

(A) प्रकाश का (B) ज्ञान का

(C) शांति का (D) सुख की घड़ियों का

(ज) मूर्ति को प्रतिदिन चश्मा कौन पहनाता था ?

(A) नगरपालिका　　(B) हालदार साहब

(C) कैप्टेन चश्मेवाला　　(D) मोतीलाल

(झ) बालगोबिन भगत की उम्र कितनी थी ?

(A) 50 के पार　　(B) 60 के पार

(C) 70 के पार　　(D) 40 के पर

(ञ) 'लखनवी अंदाज' पाठ के लेखक कौन हैं?

(A) प्रेमचंद　　(B) यशपाल

(C) निराला　　(D) नागार्जुन

(ट) 'सैनिक' शब्द का निर्माण किस प्रत्यय से हुआ है?

(A) इक　　(B) ता

(C) ई　　(D) वान

(ठ) 'आँखों' का तारा' का सही अर्थ क्या है?

(A) आंखों की रोशनी　　(B) बहुत प्रिय होना

(C) आंखों का आभूषण　　(D) चमकदार चीज़

(ड) 'नीलकंठ' में कौन-सा समास है?

(A) द्वंद्व (B) कर्मधारय

(C) तत्पुरुष (D) बहुव्रीहि

(ढ) 'यह लाल रंग का फूल है।'इस वाक्य में 'लाल' किस प्रकार का विशेषण है?

(A) संख्यावाचक (B) गुणवाचक

(C) परिमाणवाचक (D) संबंधवाचक

(ण) 'सुंदरता' किस प्रकार की संज्ञा है?

(A) जातिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा (D) समूहवाचक संज्ञा

खण्ड – 'ख'

विषयनिष्ठ प्रश्न

2. निम्नलिखित में से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दें :-

(क) संज्ञा कितने प्रकार की होती है?

(ख) वह शब्द जो क्रिया की विशेषता बताता है, क्या कहलाता है?

(ग) 'चरण' का अर्थ क्या है?

(घ) संधि कितने प्रकार की होती है?

(ङ) 'राम-लक्ष्मण' में कौन-सा समास है?

(च) वह वाक्य जो केवल एक विचार प्रकट करता है, क्या कहलाता है?

(छ) 'गुण' का विपरीत क्या है?

(ज) उपसर्ग किसे कहते हैं।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :-

(क) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन कौन से तर्क दिए ?

(ख) भगत की पुत्र वधु उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(ग) लेखक ने फादर बुल्के को 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है ?

(घ) बिस्मिल्ल्ह खान को बचपन में शहनाई सीखने में किसने प्रेरित किया ?

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें :-

(क) लेखक यशपाल का संक्षिप्त परिचय दें ?

(ख) क्रिया के प्रकारों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) कन्यादान कविता में माँ ने बेटी को क्या - क्या सीख दी ?

(घ) निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करें :-

विज्ञान ने मानव जीवन को सुखद और सरल बना दिया है । विज्ञान ने चिकित्सा, संचार, परिवहन और शिक्षा के क्षेत्र में कई महान आविष्कार किए हैं, जिससे मानवता को लाभ हुआ है । पहले जहां इलाज के लिए लोगों को लंबी यात्रा करनी पड़ती थी, वहीं अब चिकित्सा के क्षेत्र में विकास ने इलाज को सरल और सस्ता बना दिया है । संचार के साधनों में भी बड़ा परिवर्तन आया है, जिससे लोग एक-दूसरे से दूर होते हुए भी आसानी से संपर्क कर सकते हैं । विज्ञान ने आज हर क्षेत्र में प्रगति की है और यह मानव जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है ।

नवोन्मेष शोध नेतृत्व

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् , राँची, झारखण्ड

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र - 2024 - 2025

उत्तर - कुंजी

कक्षा : 12	विषय : हिन्दी - बी	खण्ड 'क' : बहु - विकल्पीय प्रश्न

प्रश्न संख्या	उत्तर
क	B
ख	B
ग	D
घ	D
ङ	C
च	A
छ	D
ज	C
झ	B
ञ	B
ट	A
ठ	B
ड	D
ढ	B
ण	B